# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा./संस्था/एफ–1/12102/पीटीआई–2011/एन.जे/ दिनांक 22/02/22

जिला शिक्षा अधिकारी,
(मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा,
भरतपुर/जोधपुर/जालोर/राजसमन्द
श्रीगंगानगर/जयपुर/कोटा।

**विषयः–** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–II व III भर्ती परीक्षा, 2011 में शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III के पद पर कार्यग्रहण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों को जिला आवंटन कर नियुक्ति एवं पदस्थापन के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का समसंख्याक पत्र दिनांक 04.01.2022

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एस.बी.सिविल याचिका संख्या–17195/2013 नरेन्द्र शर्मा व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 14.01.2016 के क्रम में (अवमाननावाद 631/16 कपिल हरितवाल बनाम श्री नरेशपाल गंगवार व अन्य) पी.टी.आई ग्रेड–तृतीय प्रतियोगी परीक्षा–2011 के पूर्व घोषित परिणाम के अन्तर्गत नॉन जाईनर्स रहें अभ्यर्थियों के विरूद्ध आयोग द्वारा घोषित परिणाम दिनांक 27.08.2017 में 193 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची अस्थाई रूप से प्रतिस्थापित की गई।

उक्त के सम्बन्ध में वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी, माध्यमिक शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग, जयपुर के पत्र दिनांक 17.11.2021 के अनुसार माननीय उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा डी.बी. स्पेशल अपील संख्या–997/2016 राज. राज्य व अन्य बनाम सुभाष चन्द्र व अन्य तथा 15 अन्य समान अपीलों में पारित समेकित निर्णय दिनांक 21.01.2020 के विरूद्ध माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर विशेष अनुमति याचिका संख्या 9974–9989/2020 को विड्रा (Withdraw) किये जाने का राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक निर्णय लिये जाने के फलस्वरूप जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक विधि जयपुर के पत्रांक जिशिअ/मा/विधि/जय/एस.6/2021/789–90 दिनांक 29.11.2021 द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 26.11.2021 की प्रति संलग्न प्रेषित कर अवगत करवाया है कि प्रकरण में राज्य सरकार द्वारा चाही गई याचिका विड्रा करने की अनुमति को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वीकार कर याचिका विड्रा के आधार पर खारिज की गई है।

अतः राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–II व III भर्ती परीक्षा, 2011 में शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III के पद पर कार्यग्रहण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों का जिला आवंटन किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि उक्त अभ्यर्थियों के काउंसलिंग दिनांक 25/02/22 को आयोजित कर उसी दिन नियुक्ति आदेश जारी किया जावें तथा कार्यग्रहण की अन्तिम तिथि 21/03/22 रखी जावें।

शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–II व III भर्ती परीक्षा, 2011 में शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III के पद पर कार्यग्रहण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से नियुक्ति हेतु समय–समय पर इस कार्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों एवं शर्तों के अध्यधीन नियुक्ति प्रदान करें एवं जारी नियुक्ति आदेश की प्रति विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु विभाग के कम्प्यूटर अनुभाग की ई–मेल आई.डी. sa.dse@rajasthan.gov.in एवं संस्थापन

एफ–अनुभाग की ई–मेल आई.डी. ad.esttf.dse@rajasthan.gov.in पर अनिवार्य रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें। उक्त अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र लिए जाने हेतु आपके कार्यालय के संस्थापन लिपिक को निदेशालय के मुख्य प्रशासनिक भवन के कमरा नम्बर–11 में काउंसलिंग तिथि से पूर्व अनिवार्य रूप से भिजवाने की व्यवस्था करावें।

शेष शर्ते पूर्व दिशा–निर्देशानुसार यथावत रहेगी।

संलग्नः– जिला आवंटन सूची (09 अभ्यर्थी)।

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
2. सिस्टम एनालिस्टेट, कम्प्युटर अनुभाग कार्यालय हाजा को प्रति भेजकर निर्देशित किया जाता है कि शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III के पद पर आरक्षित सूची में चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों के जिला आवंटन के आदेश विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करावें।
3. अनुभाग अधिकारी, शाला दर्पण अनुभाग कार्यालय हाजा को शाला दर्पण पोर्टल पर मेपिंग सम्बन्धी कार्यवाही हेतु।
4. संबंधित अभ्यर्थी................

सयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–II व III भर्ती परीक्षा, 2011 में शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III के पद पर निर्धारित समय सीमा तक कार्यग्रहण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध आयोग की प्रतीक्षा सूची से पिक–अप एवं अन्तिम रूप से चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों के नियुक्ति हेतु जिला आवंटन सूची

क्रमांक : शिविरा–मा./संस्था/एफ–1/12102/पीटीआई–2011/एन.जे/ दिनांक: 22/02/22

| S. No. | MERIT_NO | ROLL NO. | NAME | FNAME | DOB | SELE. CAT. | H. CAT. | OWN CAT. | Allotted District |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1103-C | 202712 | SARDAR SINGH | HARISH CHAND | 01-01-78 | OBCM | | BC | BHARATPUR |
| 2 | 1036-C | 200130 | MUKESH KUMAR PANDEY | SACHIDA NAND PANDEY | 25-07-83 | GEN | | GEN | BHARATPUR |
| 3 | 1051-A | 400278 | BHARAT SINGH | POKAR SINGH | 09-06-81 | GEN | | GEN | JODHPUR |
| 4 | 1081-A | 700308 | RAGHAVENDRA PRATAP SINGH | SEETA RAM SINGH | 06-04-84 | GEN | | GEN | BHARATPUR |
| 5 | 1084-C | 401026 | PUSHPENDRA PARMAR | SURESH CHANDRA PARMAR | 06-12-77 | OBC | | OBC | JALORE |
| 6 | 1085-B | 602104 | SURESH CHANDRA TELI | RAJMAL TELI | 07-07-84 | OBC | | OBC | RAJSAMAND |
| 7 | 1103-A | 300134 | HARDEEP SINGH | FULA SINGH | 04-03-88 | OBC | | OBC | SRI GANGANAGAR |
| 8 | 1357-A | 707423 | AMITA PAREEK | RAM KISHOR PAREEK | 15-12-69 | GENWE | | GENWE | JAIPUR |
| 9 | 1730-A | 500122 | ANITA MEENA | MOTI LAL MEENA | 01-07-80 | STWE | | STWE | KOTA |

Rajasthan Education Department

सत्यमेव जयते

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान बीकानेर



Scanned by CamScanner